प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 14.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के विजेताओं को किया सम्मानित, कहा – भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक।
2. साहिबगंज में सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान कार्यक्रम में 1,638 सहियाओं के योगदान को सराहा गया, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सहियाओं को किया गया सम्मानित।
3. रांची के डोरंडा कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ उद्घाटन हुआ, छात्राओं को निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण देने की पायलट पहल की गई शुरू।
4. हजारीबाग पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ कार्रवाई कर दो तस्करों को किया गिरफ्तार, मादक पदार्थ अफीम, डोडा, नकदी और मोबाइल किए गए बरामद।

और

5. रांची में खेले गए दिव्यांगजनों के दूसरे टी 20 मुकाबले में भारत ने नेपाल को 10 विकेट से किया पराजित, चौंपियन स्पिरिट कप पर किया कब्जा।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। आज ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के पहले भारत ने अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

***************

साहिबगंज जिले में सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले में कार्यरत एक हजार छह सौ अड़तीस (1,638) सहियाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सहियाओं को सम्मानित किया गया और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के उनके योगदान की सराहना की गई। राज्य समन्वयक आकाय मिंज ने बताया कि झारखंड में कुल तैंतालीस हजार नौ सौ चौवन (43,954) सहिया कार्यरत हैं जो टीकाकरण, मातृ–शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण और विभिन्न रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभा रही हैं।

***************

रांची के डोरंडा कॉलेज परिसर में आज आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत शुरू की गई इस पायलट पहल के तहत कॉलेज में कराटे डोजो कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक झारखण्ड महिला विकास समिति सह निदेशक समाज कल्याण किरण पासी ने कहा कि बेटियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण आवश्यक है और इस केन्द्र के माध्यम से छात्राओं को निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया जाएगा।

***************

पाकुड़ शहर में सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से चांदपुर के पुराने कंपोजिट टोल के पास नए ऑटो टोटो पड़ाव का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी और जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने वाहन चालकों से ड्रेस कोड और यातायात नियमों के पालन, यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने तथा पड़ाव में उपलब्ध सुविधाओं के समुचित उपयोग की अपील की।

***************

अवैध मादक पदार्थ के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हजारीबाग पुलिस ने कोर्रा थाना क्षेत्र से दो तस्करों को गिरफ्तार कर 1.980 किलोग्राम अफीम और 20 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान एक सफेद चार पहिया वाहन से मादक पदार्थ, 5500 रुपये नकद और तीन मोबाइल जब्त किए गए।

***************

पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव में राशन कार्ड ई–केवाईसी अपडेट के बहाने पेमेंट बैंक खाते से 3 लाख 69 हजार 500 रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। पीड़ित के आवेदन पर मेदिनीनगर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें बताया गया है कि दो दिनों में उनके खाते से कई ट्रांजैक्शन के जरिए राशि निकाली गई।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत 3 लाख क्विंटल धान खरीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

***************

भारत और नेपाल के बीच दिव्यांगजनों की टी–20 सीरीज चैंपियन स्पिरिट कप के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 2–0 की बढ़त के साथ सीरीज पर कब्जा कर लिया। रांची स्थित उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में नेपाल द्वारा दिए गए 140 रन के लक्ष्य को भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज राहुल शर्मा के 63 रन और कप्तान सूब्रो जोरदर के 55 रनों की बदौलत 16.1 ओवर में बिना विकेट खोए हासिल कर लिया। राहुल शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

***************

पलामू में तैनात आईआरबी–10 की जवान विनीता उरांव ने अमरावती में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2025 में 47 किलोग्राम महिला पावरलिफ्टिंग वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। सिल्वर मेडल जीतने के बाद पलामू एसपी रीष्मा रमेश ने उन्हें सम्मानित करते हुए आगे भी खेलों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

*******समाप्त********